# अजमेर पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष परनामी


भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने सरकार की उपलब्धियों के फोल्डर का विमोचन किया।

**अजमेर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों को गिनाया जा रहा है। एक दिवसयी दौरे पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी गुरुवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने एक निजी होटल में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में

■ **भाजपा सरकार की गिनाई एक वर्ष की उपलब्धियां**

आर्थिक समृद्धि और विकास के द्वार खोले हैं। एक वर्ष के कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिससे प्रदेश के विकास को गति मिली है। राइजिंग राजस्थान में करीब 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू होने से रोजगार, औद्योगिक विकास को बल मिलेगा।

राज्य में पानी की कमी दूर करने के लिए नवनेरा, गलवा, बीसलपुर, ईसरदा लिंक हेतु 9 हजार 400 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत 20 हजार गांवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम और पावर ग्रिड के मध्य 10 हजार करोड़ रुपए का एमओयू किया गया है, जिससे राज्य ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

औद्योगिक विकास के लिए दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के तहत जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु मंजूरी दी गई है। 11 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 1282 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी जारी की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए मुख्यमंत्री आयुमान आरोग्य योजना के तहत गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु 73 डे केयर पैकेजेज, 419 पेडियाट्रिक्स पैकेजेज और 8 लाख वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैशलेस उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्य सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 2000 रुपए प्रदान करने का निर्णय लिया है। महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है प्रेसवार्ता में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, पूर्व शहर अध्यक्ष अरविंद यादव, बीपी सारस्वत, मीडिया प्रभारी अनिश मोयल, सहप्रभारी रचित कच्छावा मौजूद रहे।

## भक्तों ने किया कथा का श्रवण

**मदनगंज-किशनगढ**, (निस)। महेश विहार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस निंबार्काचार्य पीठाधीश्वर जगदगुरु श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुए कहा की भगवान श्रीकृष्ण अपनी सभी लीलाएं पूर्ण कर अर्जुन के साथ द्वारिका लौटे। भगवान ने अर्जुन को इंद्रप्रस्थ वापस लौटने के लिए कहा व स्वयं बैकुंठधाम प्रस्थान की तैयारी करने लगे तभी कलिराज आया और भगवान के चरणों में प्रार्थना करने लगा कि हे भगवन, द्वापर युग की समय सीमा समाप्त हो रही है। कलयुग के आगमन का समय हो रहा है, लेकिन जब तक आप भूलोक में विराजमान रहेंगे तब तक कलयुग का पृथ्वी लोक पर प्रदार्पण नहीं हो सकता।

भगवान ने बैकुंठधाम प्रस्थान की लीला रची, उसी समय उद्धव महाराज ने भगवान के चरणों में बैठकर विनती की है भगवन, आपने अपनी लीलाओं से अपने प्रियजनों का कल्याण किया है।

## खारोलिया के जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान माली सेना के चुनाव में सबसे अधिक मत प्राप्त कर हेमराज खारोलिया को जिलाध्यक्ष चुने जाने पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर द्रोपदी कोली द्वारा अपने कार्यालय पर कार्यकर्ता के साथ उनका साफा, शॉल ओढाकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

डॉ. द्रोपदी कोली ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हेमराज खारोलिया लंबे समय से माली समाज में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और यही कारण है कि वह पिछले चार बार से समाज के चुनाव जीतते आ रहे हैं और समाज में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए है जो समाज में समर्पित भावना से कार्य करता है समाज के लोग उसे ही आगे बढ़ते हैं और उन्हें ही अपनी प्रमुख कमान सौंपते हैं। इनके जिलाध्यक्ष बनने से समस्त माली समाज में हर्ष की लहर व्याप्त है।

स्वागत करने वालो में विजय नागौरा सहित लक्ष्मी धोलखेड़िया, चंदन सिंह, अनुपम शर्मा, महेश चौहान, प्रीतम भाटी, जितेंद्र भाटी, प्रदीप चौहान, राकेश चौहान, बालमुकुंद टॉक, रवि दगदी, कृष्णा टॉक, गोपाल मालाकार, मनीष सैन, बाबू खान, चंदू पालीवाल, प्रेम सिंह गौड, पीयूष सुराणा, शमसुद्दीन, प्रीतपाल, झम्मनमल बैरवा, गुरुबक्ष लाबाना इत्यादि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### तुहिना प्रकाश शर्मा सम्मानित


उत्कृष्ट कार्य के लिए पुष्कर निवासी तुहिना प्रकाश शर्मा का सम्मान किया।

**पुष्कर** (निसं)। अवार्ड समारोह में 24 दिसंबर को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुष्कर निवासी तूहिना प्रकाश शर्मा पुत्री स्वर्गीय धर्म प्रकाश शर्मा को संविधान हाउस नई दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा यह सम्मान बालिका शिक्षा को बढावा देने, बालिकाओं को मानसिक मार्गदर्शन व आर्थिक सम्बलन देने, राजकीय विद्यालयों में शैक्षिक उन्नति के लिए भौतिक संसाधन, शिक्षण सामग्री आधुनिक तकनीक शिक्षण सामग्री जैसे उत्कृष्ट उपलब्ध करवाने के लिए दिया गया है। तूहीना शर्मा अपने शिक्षक काल में बालक बलिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए खूब सहयोग किया। जिससे बच्चे साक्षर हो सके और आगे बढ़ सके। आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के अतिथि डा. ई. बिष्णु प्रसाद, ग्रामीण डिआसवस्किल इंडिया थीम के संस्थापक और श्रीमती डॉक्टर सायोनारा टेल्स जिला जज चिंल्ड्रन कोर्ट गोवा के हाथों से डाक्टर तुहिना प्रकश शर्मा को ट्राफी, मानद डाक्टरेट उपाधि प्रमाणपत्र, आजीवन काऊसिल की सदस्यता शील्ड और गोल्ड प्लेटेड शील्ड और डॉक्टरेट दुपट्टा प्रदान किया इसके पूर्व में डाक्टर दुहिना प्रकाश शर्मा स्कीन एजुकेशन राजस्थान की ओर से 2022 में अतिउत्तम टीचर आर्वाड मिल चुका है। इसी प्रकार 2023 में राजस्थानी अनुवादक के रूप में कबीर कोहिनूर सम्मान और 2024 में फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन बीकानेर की और हैं, इनसपाइरिंग बूमन अवॉर्ड के लिए चुना गया था।

### मॉयल ने दिया त्यागपत्र

**मेड़ता सिटी** (निसं)। मेड़ता राजनीति में बड़ी हलचल देखने को मिली। मेड़ता नगरपालिका के अध्यक्ष पद पर प्रतिपक्ष नेता पवन परताणी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। स्वायत शासन विभाग राज जयपुर के निर्देशक एवं विशिष्ट सचिव कुमार पाल गौतम ने राज्यपाल की आज्ञा से राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 50(1) 4 क के शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिपक्ष नेता पवन परताणी को मेड़ता नगरपालिका अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। अध्यक्ष सलीम मॉयल के त्यागपत्र देने के बाद मेड़ता प्रतिपक्ष नेता पवन परताणी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। परताणी के अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकताओं सहित आमजन नागरिकों में खुशी की लहर हे वही बधाइ्यां देने का तांता लगातार जारी है।

## परनामी की प्रेस वार्ता में बिजली गुल

**अजमेर** (कासं)।भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करने अजमेर पहुंचे थे। प्रेस वार्ता मे करीब चालीस मिनिट तक अशोक परनामी ने प्रदेश की भाजपा द्वारा पिछले एक साल में करवाए गए विकास कार्यो को गिनवाया, इस दौरान उन्होंने प्रदेश की पेयजल व विद्युत व्यवस्था को लेकर किए जा रहे सरकार के कामों को गिनाया। इसी दौरान अजमेर की शहर की विद्युत व्यवस्था संभाल रही टाटा पावर की लापरवाही ने उन्हे आईना दिखा दिया। दरअसल जिस समय अशोक परनामी प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उस समय बिजली गुल हो गई और मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधि हक्केबक्के रह गए। प्रेस वार्ता के दौरान हॉल मे अंधेरा छा गया, अंधरे के कुछ देर बाद जनेटर चालू करवाया गया और प्रेस वार्ता एक बार फिर से शुरू हो चुकी।

## 'अजमेर डेयरी पशुपालकों को दे रही है दूध की सर्वोच्च दर'


समितियों बोनस व लाभांश वितरण समारोह का उदघाटन अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ( फीता काटते हुए ) ने किया।

**अजमेर**। जिले के दूध उत्पादकों ने भरपूर सहयोग करते हुए अजमेर डेयरी में 4 लाख लीटर से ज्यादा दूध उत्पादन करके डेयरी में भेजा है। लगभग 1 वर्ष पश्चात पुनः 4 लाख लीटर दूध संकलन का रिकॉर्ड तोड़ा है। इसका प्रमुख कारण अजमेर डेयरी में पशुपालको को दूध की दर देश में सर्वोच्च दी जा रही है। यह बात अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने एक समारोह में दुग्ध समितियों बोनस व लाभांश वितरण के अवसर पर कही।

डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि गत 21 अप्रैल से पायस, अमूल एवं अन्य प्राईवेट डेयरियों द्वारा अजमेर सरस डेयरी की तुलना में 3-4 रुपए प्रतिलीटर कम दर पर खरीद रही है। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने जिले के समस्त प्राईवेट क्षेत्र में दूध देने वाले पशुपालको से अनुरोध किया है कि वह अपना दूध निकटतम सरस डेयरी की दूध समिति में दे सकते है। बस शर्त यह है की उनको सरस डेयरी के नियमों की पालना करनी होगी तभी उन्हें मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के 5 रुपए प्रति लीटर का लाभ मिल सकेगा।

अजमेर डेयरी के वर्तमान भाव 31 दिसम्बर तक औसत 54 रूपये प्रति लीटर मिलता रहेगा साथ ही 1 अप्रैल से 59 रूपये प्रतिलीटर मिलना प्रारम्भ हो जाएगा जो की पूरे सहकारी वर्ष 2025-26 में भी जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त पशुपालको को सरस डेयरी के पशुपालको की तरह अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा।

सरस डेयरी द्वारा आगामी सहकारी वर्ष में 5 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन करने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा है। ऐसा प्रतीत होता है की यह लक्ष्य 6 लाख लीटर तक अर्जित किया जा सकता है। अजमेर डेयरी द्वारा सारणिया एवं गुवाडिया दुग्ध समितियों पर बोनस एवं लाभांश वितरण किया गया। अजमेर सरस डेयरी में अपने दुग्ध संकलन के अतिरिक्त उदयपुर, चित्तौडगढ़, पाली, भीलवाड़ा, जयपुर, बीकानेर, नागौर आदि विभिन्न जिला संघो से लगभग 3.4 लाख लीटर दूध प्रतिदिन आ रहा है उसका घी एवं पाउडर बनाकर लोटाया जा रहा है। इस प्रक्रिया से अजमेर डेयरी में प्रतिदिन 7 से 8 लाख लीटर दूध का प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता के अनुसार पूरा किया जा रहा है आवश्यकता अनुसार दूध के 56 प्रकार के उत्पाद उच्च क्वालिटी के बनाए जा रहे है जिसकी पूरे देश भर में मांग आ रही है। अजमेर जिले के उपभोक्ताओं से आवहान है की आगामी शादी के सीजन में अजमेर सरस डेयरी में ऑन लाइन करने पर उनके निवास स्थान पर सरस के उत्पाद दिए जाएंगे।

## मोयल के त्यागपत्र को लेकर बैठक का आयोजन

**मेड़ता सिटी**, (निसं)। कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी तथा ब्लॉक तत्वाधान में बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा तथा पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जाकिर खान सांखला कांग्रेस, प्रत्याशी रहे शिवरतन वाल्मीकि ,पीसीसी सदस्य लालाराम नायक,युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र बापेडिया,सेवादल जिलाध्यश खुमाराम जाजड़ा इत्यादि की मौजूदगी में की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष राज्य सरकार का दुरुपयोग करके पहले नगर पालिका अध्यक्ष गौतम टाक को निलंबित कराया और उसके बाद अब उपाध्यक्ष सलीम मोयल की अध्यक्ष पद पर थे उनको धमका कर सीबीआई ईडी का डर बताकर इस्तीफा दिलवाया है जिसकी हम कठोर निंदा करते है।वहीं पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने कहा की पार्टी के लिए अनुशासन अहम और सर्वोपरि है अगर कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी और राज्य की भाजपा प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है लेकिन उनकी यह चाल कामयाब नहीं होने दी जाएगी।

## पूर्व पी.एम. वाजपेयी को याद किया

**मदनगंज-किशनगढ़।** भाजपा मदनगंज मंडल द्वारा भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधान मंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। महामंत्री सुनील दरडा ने बताया की अजमेर रोड स्थित डागा निवास पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष राजीव शर्मा ने अटलबिहारी वाजपेयी को राष्ट्र हित राष्ट्र प्रथम को अपने जीवन में सार्थक करने वाले देश का सच्चा सपूत बताया। अटल बिहारी वाजपेयी सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी संस्कारों की राजनीति के जनक थे, भारत के सुशासन के मार्ग को नई दिशा देकर स्वर्ण चतुर्भुज योजना के माध्यम से सडको का निर्माण कर भारत के ग्रामीण इलाकों को सुगम आवागमन का मार्ग उपलब्ध कराया।

## बिना सहमति अतिक्रमण हटाने पर व्यापारी नाराज

**अजमेर**, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष महेंद्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में गुरुवार को सायं 4:30 बजे एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौर के कक्ष में भेंट करके दरगाह बाजार, नला बाजार एवं अन्य बाजारों में बिना व्यापारियों की सहमति और बाजारों के अध्यक्ष आदि को साथ लिए बगैर नगर निगम द्वारा उनके दुकानों में तोडफ़ोड़ किए जाने एवं सामान जप्त की कार्यवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने एडीएम सिटी को सक्षम अधिकारी कनिष्ठ अभियंता अथवा सहायक अभियंता लेवल के अधिकारी के स्तर पर कार्यवाही करने की मांग रखी। महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि बाजारों में किसी भी प्रकार की कार्यवाही किए जाने के लिए उस बाजार के पदाधिकारी अध्यक्ष आदि को साथ लेकर कार्यवाही की जानी चाहिए। महेंद्र बंसल ने बताया कि व्यापारियों द्वारा बाजारों को बंद करने का निर्णय लिया जा रहा था, परंतु महासंघ की समझाइश पर व्यापारियों ने बाजारों को बंद नहीं किया एवं एडीएम सिटी से वार्तालाप करके गलत निर्णय नहीं लेने और दुकानों के आगे दो फीट की पट्टी लगाने की पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुमति की जानकारी भी दी। एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया।

## निर्भीक गांधी ने जीत हासिल की

**भीलवाड़ा।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के चुनाव में 21 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद भीलवाड़ा से सीए निर्भीक गांधी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। 6 और 7 दिसंबर 2024 को हुए चुनाव की 6 दिनों की मतगणना के बाद परिणाम घोषित हुए, जिसमें निर्भीक गांधी विजयी घोषित किए गए। उन्हें कुल 2498 वोट लाकर 2446 वोट का कोटा पूरा किया, जिनमें से लगभग 700 वोट भीलवाड़ा से और लगभग 1800 वोट अन्य राज्यों और शहरों से प्राप्त हुए।

नवनिर्वाचित सदस्य सीए निर्भीक गांधी का भीलवाड़ा शाखा परिसर में भव्य स्वागत किया गया। माल्यार्पण, केक काटने, और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। शाखा अध्यक्ष सीए सोनेश काबरा ने बताया, "सीए निर्भीक गांधी का यह चयन न केवल भीलवाड़ा के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र के विकास के लिए एक नई दिशा भी प्रदान करेगा। उनका अनुभव और समर्पण रीजनल काउंसिल में हमारी आवाज को मजबूती देगा।" साथ हि बताया कि आई.सी.ए.आई. की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के लगभग 80,000 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पंजीकृत हैं।

# सरकारी विद्यालयों में अनिवार्य कला शिक्षा की मांग



बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थी संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन किया।

**अजमेर**, (कासं)। बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थी संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा के तहत कला शिक्षक भर्ती सहित स्कूलों में फर्जी मूल्यांकन बंद करने की मांग की है।

■ **बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थी संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

संगठन के जिला प्रभारी मनीष दग्दी ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में बिना शिक्षण, पुस्तक, सैद्धांतिक और प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं और बिना कला शिक्षकों के किए जा रहे फर्जी मूल्यांकन पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है। हाईकोर्ट राजस्थान जयपुर द्वारा विमल शर्मा बनाम राजस्थान सरकार अन्य के मामले में वर्ष 2018 और 2024 में पारित निर्णय आदेश की पालना सुनिश्चित करते हुए प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अनिवार्य कला शिक्षा के शिक्षण के लिए कला शिक्षकों की नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। इसके लिए सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा (चित्रकला व संगीत) के शिक्षण हेतु कला शिक्षकों के पद सृजित कर नियमित भर्ती शुरू करने की आवश्यकता है।

कक्षा 9 और 10 की अनिवार्य कला शिक्षा (चित्रकला व संगीत) पुस्तक कला कुंज को निःशुल्क वितरण सूची में सम्मिलित कर राजकीय विद्यालयों में हर वर्ष नामांकित विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर पुस्तक मुद्रण व वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2007-2008 से पूर्व की भांति कक्षा 9 और 10 की अनिवार्य कला शिक्षा विषय को समान परीक्षा योजना में सम्मिलित कर परीक्षा कराने की भी मांग है। कक्षा 6, 7 और 8 में अनिवार्य कला शिक्षा के लिए एनसीईआरटी पुस्तकों को लागू कर मुद्रण और निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

**तप कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया:** श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर के तत्वावधान में पौष कृष्ण एकादशी,गुरुवार 26 दिसंबर 2024 को दोपहर 1 बजे से सांय 4 बजे तक देवाधिदेव 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान और देवाधिदेव 1008 श्री पारसनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याण के पावन पुनीत अवसर पर समिति सदस्य वंदना सेठी परिवार के संयोजन में आनंद नगर स्थित पार्श्वनाथ भगवान जिनालय में भजनों और भक्ति नृत्य का आयोजन किया गया।

समिति की संस्थापक सूर्यकांता जैन ने बताया कि सरोज सेठी वंदना मनीष सेठी परिवार द्वारा हर वर्ष बहुत ही भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास से चंद्र प्रभु भगवान एवं श्री पारसनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक मनाया जाता है, इसी कड़ी में आज नवकार महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई जिस पर समिति की सभी सदस्याओं ने भक्ति नृत्य किया इससे पूर्व वंदना सेठी परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया।


**आम सूचना**

मेरी दादी अलोल देवी पत्नि रामा जाति जाट निवासी ग्राम गोठियाना की मृत्यु दिनांक 12-5-2010 को मेरे निवास स्थान गोठियाना में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत गोठियाना में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादी अलोल देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
प्रार्थी- रामराज पुत्र बालू जाति जाट निवासी गोठियाना तह. अरांई (अजमेर)

**आम सूचना**

मेरी सासुजी श्रीमती दाखा देवी पत्नी स्व. श्री जमनलाल जाति मेघवाल निवासी खेडा टिकावाडा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर स्वर्गवास दिनांक 05 अक्टूबर 1990 का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।
प्रार्थिया-सुरज्या पत्नी गोपाल

**आम सूचना**

मेरे पिता श्री मदनलाल गवारिया पुत्र स्व. श्री पुसाराम जाति गवारिया निवासी मस्जिद के पास सुमेर नगर, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर स्वर्गवास दिनांक 24 मई 2014 का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।
प्रार्थी-सूरजमल पुत्र मदनलाल

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गौरव सरीन पुत्र सुरेश नारायण सरीन एवं सौरभ सरीन पुत्र सुरेश नारायण सरीन ग्राम मकड़वाली, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 428 000000 000 3201 000, प्लाट नंबर 48 में क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपति हो तो आम सुचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।
(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म मैसर्स ललित मार्बल इण्डस्ट्रीज, प्लाट संख्या जी-93, इण्डस्ट्रीयल एरिया, बिदियाद, जिला नागौर (न्यू जिला डीडवाना - कुचामन) (राज0), पंजीयन संख्या: RF/NGR/2018/940 है तथा इस भागीदारी फर्म से भागीदार कन्हैया लाल जोशी पुत्र मुन्ना लाल कि 23.06.2024 को हो जाने पर उनके स्थान पर सभी भागीदारों की आपसी सहमति से दिनांक 23.06.2024 से संतोष मृत्यु दिनांक-देवी पत्नि कन्हैया लाल को इस भागीदारी फर्म में नया भागीदार बनाया गया हैं। जिसमें सभी भागीदारों की सहमति हैं तथा अब इस भागीदारी फर्म में वर्तमान में हम निम्न भागीदार हैं 1. मुन्ना लाल, 2. संतोष देवी, 3. धर्म चन्द जोशी व 4. ललित किशोर जोशी। यदि किसी को आपत्ति हो तो रजिष्ट्रार ऑफ फर्मस नागौर के कार्यालय में पन्द्रह दिन में दर्ज करा सकते हैं। मियाद गुजरने के बाद आपति मान्य नहीं होगी।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री लियाकत अली पुत्र स्व. श्री मौहम्मद हनीफ जाति शाह मुसलमान निवासी- देहली गेट के बाहर कनला बावड़ी, गंज अजमेर की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि उनका पुत्र अता मौहम्मद पुत्र श्री लियाकत अली जो उनके कहने में नहीं है व उनसे अक्सर लडाई झगड़ा कर बिना बताये 5-6 दिन के लिये घर छोड़कर चला जाता है। इसलिए अब मेरे पक्षकार का अता मौहम्मद से कोई वास्ता सरोकार नही है मेरे पक्षकार अपनी समस्त चल अचल सम्पति से अपने पुत्र अता मौहम्मद को वेदखल करते है। अता मौहम्मद का मेरे पक्षकार की समस्त चल व अचल सम्पत्ति मे किसी प्रकार का कोई हिस्सा व सरोकार नहीं है। यदि अता मौहम्मद पर कोई भी कार्यवाही की जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अता मौहम्मद की होगी मेरे पक्षकार व उनके परिवार की नहीं होगी। जो कोई व्यक्ति अता मौहम्मद से किसी भी तरह का संव्यवहार, लेन-देन रखेगा तो उसकी स्वंय की जिम्मेदारी होगी। सो सूचित रहे।
अजमेर भवदीय
दिनांक (कंवर दानिश)

**आम सूचना**

यह कि सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शीला शर्मा पत्नी स्व. चन्द्रशेखर शर्मा, जाति ब्राह्मण, आयु 73 वर्ष, निवासी 463/26, एस.एम.बी. स्कूल लेन रामगंज, अजमेर की रहने वाली हूँ। यह कि मेरे ससुर स्व. घीसू लाल पुत्र स्व. श्योनाथ उर्फ शिवनाथ जी का देहान्त दिनांक 04.04.1956 को स्वर्गवास अजमेर में हो गया था तथा मेरी सास स्व. राजदेवी पत्नी घीसू लाल जी का स्वर्गवास दिनांक 16.10.1991 को अजमेर में हो गया था एवं मेरे पति स्व. चन्द्रशेखर पुत्र स्व. घीसू लाल जी की मृत्यु दिनांक 18.01.2015 को अजमेर में हो गयी थी। जिनका सास-ससुर का मृत्यु प्रमाण पत्र आज दिनांक तक नहीं बनवाया है तथा ना ही उनके कोई दस्तावेज मेरे पास है चूंकि उनकी मृत्यु कई वर्षो पूर्व हो चुकी थी। यह कि मेरे पति चन्द्रशेखर अपने माता-पिता की एकलौती एकमात्र संतान थे। उनके अतिरिक्त उनके अन्य कोई संतान नहीं थी। वर्तमान में उक्त आम सूचना सास-ससुर का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बने होने एवं मेरे पति स्व. चन्द्रशेखर एकमात्र संतान व एकमात्र वारिसान होने की पुष्टि में दिया जा रहा है। यदि किसी पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 05 दिवस की अवधि के भीतर आपत्ति दर्ज करवाये अन्यथा बाद मियाद अवधि आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।
अजमेर भवदीय
दिनांक 26-12-2024 (शीला देवी)

**लोक सूचना**

राजस्थान भू आवंटन नीति, 2015 के तहत निर्धारित प्रावधान अंतर्गत भूमि आवंटन किये जाने हेतु श्री शशांक जैन, अधिकृत प्रतिनिधि महाकवि पं. भूरामल सामाजिक सहकार न्यास द्वारा हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये जाने हेतु इस कार्यालय कौशल विकास केंद्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

| आवेदक संस्था | आवंटन का प्रयोजन | प्रस्तावित स्थल | आवंटन योग्य क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री शशांक जैन, अधिकृत प्रतिनिधि महाकवि पं. भूरामल सामाजिक सहकार न्यास, मुख्यालय बीना बारह, देवरी, सागर, मध्य प्रदेश | कोशल विकास केंद्र हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र अजमेर की स्थापना बाबत | ग्राम नारेली तहसील अजमेर के खसरा नंबर 3274, 3277, 3285/4693 में से कुल 1.90 हेक्टर भूमि | 1.90 हेक्टेयर भूमि |

अतः जरिये आम सूचना से सम्बंधित समस्त व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त आवेदन अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, संस्था के सदस्यों, संस्था के क्रियाकलापों अथवा उक्त प्रस्तावित स्थल के सम्बन्ध में यदि किसी सम्बंधित (हितबद्ध) व्यक्ति/संस्था के सदस्यों को कोई आपति/कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उक्त समय सीमा के भीतर किसी आक्षेप/आपति के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को भी कोई आक्षेप/आपति नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24.12.2024 को जारी की गयी।
उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक: RO (OR)/ दिनांक:
**आपति सूचना**

श्री महादेवमल पुत्र श्री हासानन्द को योजना प्राईवेट बस स्टेण्ड अजमेर में 8×25 वर्गफीट (22.22 वर्गगज) स्ट्रीप ऑफ लैण्ड (खांचा भूमि) 99 वर्षीय लीज पर दी गई थी। श्री महादेवमल पुत्र श्री हासानन्द की मृत्यु होने के उपरान्त उक्त स्ट्रीप ऑफ लैण्ड (खांचा भूमि) का नामान्तरण श्री महादेवमल की पत्नी श्रीमती विद्यादेवी के नाम दिनांक 23.01.2013 को किया गया था। श्रीमती विद्यादेवी पत्नि स्व. श्री महादेवमल की मृत्यु 03.04.2024 को हो चुकी है। (1) श्री सुन्दर धनवानी (2) श्री रमेश चन्द धनवानी व (3) श्री हरिश धनवानी पुत्रगण स्व. श्री महादेवमल द्वारा अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान द्वारा पंजीकृत हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) दिनांक 04.07.2024 मय आवेदन प्रस्तुत कर उक्त स्ट्रीप ऑफ लैण्ड (खांचा भूमि) को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो 07 दिवस में लिखित में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने नामान्तरण करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
(कीर्ति कुमावत) उपायुक्त (विकास) नगर निगम अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक: RO (OR)/ दिनांक:
**आपति सूचना**

श्री महादेवमल पुत्र श्री हासानन्द को योजना प्राईवेट बस स्टेण्ड अजमेर में 15×25 वर्गफीट (41.66 वर्गगज) स्ट्रीप ऑफ लैण्ड (खांचा भूमि) 99 वर्षीय लीज पर दी गई थी। श्री महादेवमल पुत्र श्री हासानन्द की मृत्यु होने के उपरान्त उक्त स्ट्रीप ऑफ लैण्ड (खांचा भूमि) का नामान्तरण श्री महादेवमल की पत्नी श्रीमती विद्यादेवी के नाम दिनांक 23.01.2013 को किया गया था। श्रीमती विद्यादेवी पत्नि स्व. श्री महादेवमल की मृत्यु 03.04.2024 को हो चुकी है। (1) श्री सुन्दर धनवानी (2) श्री रमेश चन्द धनवानी व (3) श्री हरिश धनवानी पुत्रगण स्व. श्री महादेवमल द्वारा अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान द्वारा पंजीकृत हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) दिनांक 04.07.2024 मय आवेदन प्रस्तुत कर उक्त स्ट्रीप ऑफ लैण्ड (खांचा भूमि) को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो 07 दिवस में लिखित में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने नामान्तरण करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
(कीर्ति कुमावत) उपायुक्त (विकास) नगर निगम अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद् पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान**
क्रमांक/नपापु/भूमि/2024/3352 दिनांक-24-12-2024
**उजरदारी सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा नामान्तरण/भवन निर्माण/संयुक्तिकरण/पट्टा हेतु आवेदन पेश किया है। अतः आवेदक के बख्शीशशुदा/खरीदशुदा सम्पति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपत्ति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा परिषद् द्वारा नियमानुसार नामान्तरण/भवन निर्माण/संयुक्तिकरण/पट्टा की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र स | आवेदक का नाम मय पिता/पति | स्थान जहाँ सम्पत्ति स्थित है | चतुर्थी सीमा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुखदेव गुर्जर पुत्र भंवर लाल गुर्जर | प्लॉट नं. 25 वार्ड श्रीजी कॉलोनी भट्टवाय गणेश जी रोड पुष्कर | पूर्व- भूखण्ड संख्या 38 पश्चिम- 30 फुट सर्विस लेन ज्यावद रास्ता उत्तर- भूखण्ड संख्या 26 दक्षिण- 30 फुट रास्ता | 311.11 वर्गगज |

आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

**कार्यालय ग्राम पंचायत नाडी**
**पंचायत समिति मसूदा ब्यावर**
क्रमांक: जिपश्निगर/निर्माण टेण्डर/2024/13 दिनांक- 26.12.2024
**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नाडी के विभिन्न ग्राम में निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुमानित लागत 15.00 लाख रू धरोहर राशि 30000/-, फार्म शुल्क 500/-, (प्रति कापी) टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/- (प्रति कापी) के आनलाईन ग्राम पंचायत खाते मे दिनांक 31.12.2024 को जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 01.01.2025 को ग्राम पंचायत नाडी के ई-प्रकोष्ठ में खोली जावेगी। विस्तृत शर्तें निविदा फार्म उल्लेखित है। विस्तृत शर्तें निविदा फार्म उल्लेखित है। http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in ID-PAE2425WSOB00020 से प्राप्त की जा सकती है।
सरपंच
ग्राम पंचायत नाडी
पं.स. मसूदा (अजमेर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवनगर**
**पंचायत समिति मसूदा ब्यावर**
क्रमांक: जिपश्निगर/निर्माण टेण्डर/2024/07 दिनांक- 26.12.2024
**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत शिवनगर के विभिन्न ग्राम में निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुमानित लागत 20.00 लाख रू धरोहर राशि 40000/-, फार्म शुल्क 500/-, (प्रति कापी) टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/- (प्रति कापी) के आनलाईन ग्राम पंचायत खाते में दिनांक 31.12.2024 को जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 01.01.2025 को ग्राम पंचायत शिवगनर के ई-प्रकोष्ठ में खोली जावेगी। विस्तृत शर्तें निविदा फार्म उल्लेखित है। विस्तृत शर्तें निविदा फार्म उल्लेखित है। http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in ID-PAE2425WSOB00019 से प्राप्त की जा सकती है।
सरपंच
ग्राम पंचायत शिवनगर
पं.स. मसूदा (अजमेर)

